# राजकीय महाविद्यालय सलूणी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2023-24

**वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर**
**सेवा में प्रस्तुत**

## प्रोफेसर (डॉ.) जय देव
## डीन-अकादमिक
### हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर

**संपादकीय**
पिंकी देवी एवं डॉ० सौरभ मिश्रा

**प्रस्तुतकर्त्ता**
डॉ० मोहिंदर कुमार सलारिया
प्राचार्य

**2023-24**

मान्यवर,

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. जय देव, उपस्थित अतिथिगण, पत्रकार बंधु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों! आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय के समस्त परिवार की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मुख्य अतिथि महोदय के हम अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि महोदय के बारे में मैं आपको संक्षिप्त रूप में बता दूँ कि वर्तमान में आप हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में डीन अकादमिक के पद पर कार्यरत हैं तथा प्रदेश भर में 50 से अधिक तकनीकी महाविद्यालयों की वार्षिक सम्बद्धता प्रक्रिया को संभाल रहे है। आपका हिमाचल प्रदेश में कृषि क्षेत्र में अनुसंधान तथा शिक्षण का 29 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा मक्का, सोयाबीन और जई जैसी विभिन्न किस्मों की फसलों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आपने कृषि जैव- प्रौद्योगिकी, पादप-प्रजनन और बीज-विज्ञान के विषयों में शोध पर्यवेक्षक बनकर 10 शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया है। अनुसंधानात्मक कार्यों के लिए आपने कई देशों के दौरे किए हैं तथा कृषि पर 100 से अधिक शोध पत्रों और पुस्तकों का प्रकाशन भी किया है।

सत्र 2023-2024 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से पहले मैं आज के मुख्यातिथि महोदय का इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। हमें आशा है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास करेंगे।

## महाविद्यालय: एक परिचय :

प्रकृति के सुरम्य आँचल में स्थित राजकीय महाविद्यालय सलूणी की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। महाविद्यालय, जिला मुख्यालय चम्बा से लगभग 50 कि.मी. की दूरी पर स्थित और 1829 मीटर की ऊंचाई पर बसा तहसील मुख्यालय है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला और वाणिज्य में स्नातक स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय का परिसर शांत तथा मनोरम है जहाँ पक्षियों का कलरव और हवाओं का संगीत छात्रों के अध्ययन में उमंग भरता है। महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं अपितु सपनों का भी मंच है। ग्रामीण परिवेश में स्थित यह महाविद्यालय इस क्षेत्र के युवाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में महाविद्यालय में 317 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिसमें 105 छात्र और 212 छात्राएं हैं जो कि कुल अध्ययनरत छात्रों का 66 प्रितिशत है।

## महाविद्यालय में सदस्यों की संख्या :

महाविद्यालय में शिक्षक वर्ग के 11 स्वीकृत पदों में से वर्तमान में विभिन्न विषयों के 7 शिक्षक कार्यरत हैं ,जबकि 4 पद रिक्त हैं। गैर शिक्षक वर्ग के 17 स्वीकृत पदों में से 11 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में पुस्तकालय के लिए चार स्वीकृत पदों में से वर्तमान में सभी पद रिक्त हैं।

## महाविद्यालय में नए सदस्यों की नियुक्ति :

महाविद्यालय में इस सत्र में 5 नए सदस्यों की नियुक्ति हुई है जिसका विवरण इस प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| डॉ . मोहिंदर कुमार सलारिया | नवनियुक्त प्राचार्य | |
| डॉ . सौरभ मिश्रा | नवनियुक्त प्राध्यापक | (इतिहास) |
| श्री गुरदेव सिंह | नवनियुक्त प्राध्यापक | (राजनीतिक विज्ञान) |
| श्री शुभम डोगरा | नवनियुक्त प्राध्यापक | (वाणिज्य) |
| श्री पंकज कुमार | नवनियुक्त प्राध्यापक | (वाणिज्य) |

## परीक्षा परिणाम :

| कक्षा | महाविद्यालय परिणाम प्रतिशत्ता वर्ष 2022-23 |
|---|---|
| **कला स्नातक तृतीय वर्ष** | शत प्रतिशत |
| **कला स्नातक द्वितीय वर्ष** | 97 प्रतिशत |
| **कला स्नातक प्रथम वर्ष** | 84 प्रतिशत |
| **विणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष** | शत प्रतिशत |
| **वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष** | शत प्रतिशत |
| **वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष** | शत प्रतिशत |

## छात्रवृत्तियां (Scholarships) :

इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय सलूणी में कुल 88 छात्र -छात्राओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन किया। परिणामस्वरूप इस वर्ष महाविद्यालय के 8 विद्यार्थी सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ़ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स, 16 विद्यार्थी सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट-मेट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम फॉर शेड्युल्ड कास्ट स्टूडेंट्स, 3 छात्राएं सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम फॉर शेड्युल्ड ट्राईव स्टूडेंट्स, 60 विद्यार्थी मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना एवं 1 छात्रा कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित हुए अर्थात महाविद्यालय में पढ़ने वाले कुल 317 विद्यार्थिओं में से लगभग 28 प्रतिशत विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं जिनमें से 50 छात्राएं हैं ।

## पुस्तकालय (Library) :

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 1800 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 4 दैनिक समाचार पत्र, 4 मासिक पत्रिकाएं तथा 1 त्रैमासिक पत्रिका आती है, जिससे छात्रों की समसामयिक ज्ञान वृद्धि हो रही है। बुक-बैंक सुविधा के तहत आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए महाविद्यालय के प्रवक्ताओं द्वारा निशुल्क पुस्तकें भी प्रदान की जाती हैं। इस पुस्तकालय में 80 अध्येयता एक समय में बैठ कर अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ सौरभ मिश्रा द्वारा पुस्तकालय का अंकरूपण (Digitization) करने का यथासंभव प्रयास किया जा रहा है ।

## देवगाह महाविद्यालय पत्रिका (Devgah College Magazine):

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के हृदयंगम मनोभावों को व्यक्त करने, उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने एवं उनकी स्वतंत्र लेखन की मनोवृत्ति को विकसित करने के लिए महाविद्यालय ने इस वर्ष से महाविद्यालय की पत्रिका 'देवगाह' का प्रकाशन आरम्भ करने का निर्णय लिया है जिसकी मुख्य सम्पादिका सहायक प्राध्यापिका पिंकी देवी हैं। सम्बंधित पत्रिका 7 अनुभागों में विभाजित है जिसका विवरण सम्पादकों सहित निम्न प्रकार से है :

1. अंग्रेजी अनुभाग : श्री तेजेंदर सिंह नेगी
2. हिंदी अनुभाग : श्रीमती पिंकी देवी
3. वाणिज्य अनुभाग : श्री शुभम डोगरा
4. योजना अनुभाग : श्री दिनेश कुमार
5. खेल अनुभाग : श्री गुरदेव सिंह
6. पहाड़ी अनुभाग : श्री पंकज कुमार
7. इतिहास एवं संस्कृति अनुभाग : डॉ. सौरभ मिश्रा

## अभिभावक - शिक्षक संघ (P.T.A):

अभिभावक - शिक्षक संघ शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच में एक सेतु का कार्य करता है एवं शिक्षण कार्य में आ रही चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान सत्र में अभिभावक - शिक्षक संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:

| | |
|---|---|
| श्री देस राज | प्रधान |
| श्रीमती विमला देवी | उप प्रधान |
| श्री दिनेश कुमार | महासचिव |
| श्री दिलीप कुमार राणा | सह सचिव |
| श्री हरिंद्र कुमार | कोषाध्यक्ष |

## केंद्रीय छात्र परिषद (C.S.C.A.):

हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2023-24 के लिए छात्र परिषद के नियमानुसार निम्न पदाधिकारी मेरिट के आधार पर चुने गए :-

| | | |
|---|---|---|
| काजल कुमारी | B.A 3rd | प्रधान |
| शिवानी | B.A 2nd | उप प्रधान |
| नाफ़िल हुसैन | B.A 1st | सचिव |
| पूजा | B.A 1st | सह – सचिव |

## सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (I.C.T. Lab):

महाविद्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी है जिसमें वर्तमान में 33 कंप्यूटर, 1 स्मार्ट पैनल, Wi-fi की सुविधा, वेब-कैम एवं विद्यार्थियों के लाभार्थ एक लेज़र प्रिंटर भी है। कंप्यूटर का प्रवक्ता न होने के बावजूद वाणिज्य विभाग के सहायक

प्राध्यापक शुभम डोगरा के द्वारा विद्यार्थियों को समय-समय पर कंप्यूटर की सामान्य शिक्षा दी जा रही है।

**संगोष्ठी कक्ष (Conference Room):**

महाविद्यालय में एक संगोष्ठी कक्ष भी है जिसमें एक समय में 60 लोग बैठ सकते हैं। यह कक्ष D.L.P. प्रोजेक्टर, माइक, Wi-fi एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस है।

**उत्कृष्ट कक्षा कक्ष (Smart Class Room):**

महाविद्यालय की 2 कक्षाओं को उत्कृष्ट कक्षा के रूप में विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य इस प्रौद्योगिकी युग में ग्राफ़िक प्रस्तुतियों एवं ऑडियो-वीडियो घटकों के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन को रुचिकर बनाना है।

**पूर्व छात्र संगठन (O.S.A.):**

महाविद्यालय में वर्ष 2023-2024 में पूर्व छात्र संगठन का गठन नवनियुक्त प्राचार्य डॉ .मोहिंदर कुमार सलारिया की अध्यक्षता में किया गया और निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए :-

| | |
|---|---|
| श्री अनिल कुमार | प्रधान |
| श्री अमित कुमार | उप प्रधान |
| श्री दिनेश कुमार | सचिव |
| श्री अवनीश कुमार | सह सचिव |

**एंटी रैगिंग सेल (Anti-Ragging Cell):**

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल कार्यरत है। वर्तमान में सहायक प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह इसके प्रमुख संयोजक है। महाविद्यालय में स्वस्थ शैक्षणिक, सहयोगात्मक, अनुशासनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए यह प्रकोष्ठ पूर्णत: प्रयासरत है। एतदर्थ महाविद्यालय में एक सुझाव/शिकायत पेटिका भी रखी गयी है।

**महिला प्रकोष्ठ (Women Cell):**

सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पिंकी देवी की देख-रेख में छात्राओं को उनके वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाना एवं लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) सम्बन्धी मामलों की जाँच हेतु यह प्रकोष्ठ निरंतर कार्यरत है। वर्तमान सत्र में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय-समय पर छात्राओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निवारण किया गया। 31 अक्टूबर 2023 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता तथा महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 7 मार्च, 2024 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। 10 नवम्बर, 2023 को जिला अस्पताल चम्बा के सभागार में उपायुक्त जिला चम्बा श्री अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मासिक धर्म स्वच्छता के ऊपर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की B.A. तृतीय वर्ष की छात्रा शीतल एवं B.A. द्वितीय वर्ष की छात्रा हेमा ने सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ मिश्रा के साथ भाग लिया। महाविद्यालय में

इन दोनों छात्राओं ने मास्टर ट्रेनर बनकर अन्य छात्राओं को जागरूक करने के लिए दिनांक 20 नवम्बर, 2023 को चलचित्र दिखाया।

## शारीरिक शिक्षा एंव खेल - कूद गतिविधियां (Physical Education and Sports Related Activities) :

महाविद्यालय में स्पोर्ट्स इंचार्ज न होने के बाद भी महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह ने इस वार्षिक एथलेटिक इवेंट को सफल बनाया जिसके लिए वो प्रशंसा के पात्र हैं।

इस वर्ष महाविद्यालय की कबड्डी टीम ने गौतम कॉलेज हमीरपुर में अक्टूबर 2023 में आयोजित अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र आर्यन शर्मा के नेतृत्व में सलूणी महाविद्यालय की टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा।

नवम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय अम्ब, जिला ऊना में आयोजित अंतर - महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र काव्य शर्मा एवं सूरज, बी.ए. द्वितीय वर्ष का छात्र नागेश एवं बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र लेख राज ने भाग लिया तथा प्रशंसनीय प्रदर्शन किया।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी द्वारा 18 एवं 19 मार्च 2024 को दो दिवसीय प्रथम वार्षिक खेल-कूद एवं कबड्डी प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया। 18 मार्च 2024 को आयोजन स्थल बरोटी मैदान रहा जहाँ मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय बनीखेत के प्राचार्य डॉ. विजय नाग ने हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम दिन लम्बी कूद , ऊँची कूद, भाला फेंक, 100 मी., 800 मी. एवं 1500 मी. दौड़ स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन आयोजन स्थल महाविद्यालय परिसर में राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य डॉ. मोहिंदर कुमार सलारिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दिन गोला फेंक और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी स्पर्धाओं में छात्र - छात्राओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया और लगभग 120 विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लिया जो कि महाविद्यालय के कुल विद्यार्थियों का 38 प्रतिशत है। सर्वश्रेष्ठ एथलीट 2023-24 का पुरस्कार बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के दीपराज को पुरुष वर्ग में तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की श्वेता को महिला वर्ग में प्राप्त हुआ।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्धन हेतु समय-समय पर महाविद्यालय में योग शिविरों का आयोजन भी होता रहा है।

## रेड रिबन क्लब (Red Ribbon Club):

रेड रिबन क्लब महाविद्यालय में एड्स के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। वर्तमान सत्र में रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया:

- दिनांक 1 दिसंबर, 2023 को पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

• दिनांक 1 दिसंबर, 2023 को एड्स के प्रति जागरूकता के लिए विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गयी एवं महाविद्यालय से सलूणी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गयी।

• दिनांक 14 मार्च, 2024 को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय विश्व एड्स दिवस 2023 की थीम "समुदायों को नेतृत्व करने दे" था।

• 1 दिसंबर, 2023 को विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए लघु चलचित्र दिखाया गया था।

• सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलूणी से चिकित्सकीय अधिकारी डॉक्टर सावी शर्मा ने 7 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में आकर एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## सड़क-सुरक्षा क्लब (Road-Safety Club):

सड़क-सुरक्षा क्लब राजकीय महाविद्यालय सलूणी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन 26 फरवरी, 2024 से 4 मार्च, 2024 तक किया गया। यह आयोजन सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें कविता प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशंस प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, कोलाज मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रैफिक इंचार्ज सलूणी श्री स्वरूप सिंह द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.):

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय कैडेट कोर की यूनिट 2020 से कार्यरत है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन और एकता के गुण विकसित करना है। समय -समय पर बटालियन से सेना के जवान महाविद्यालय में आकर NCC के कैडेट्स को प्रशिक्षण देते हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष में कुल 47 विद्यार्थियों को NCC में एनरोल किया गया। इस सत्र की गतिविधियां निम्नलिखित रहीः

- द्वितीय व तृतीय वर्ष के कुल 39 कैडेट्स ने बनीखेत में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में भाग लिया।
- द्वितीय वर्ष के कुल 17 विद्यार्थी "BEE" सर्टिफिकेट के लिए धर्मशाला में कराई गई परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि तृतीय वर्ष के 22 कैडेट्स ऊना में कराई गई "CEE" सर्टिफिकेट की परीक्षा में शामिल हुए।
- वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुल 5 कैडेट्स ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया।

- इसके अलावा कैडेट्स ने 26 जुलाई 2023 को कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया जिसमें कैडेट्स ने भाषण , देशभक्ति गीत कविताएं , नृत्य एवं देशभक्ति शायरी द्वारा कारगिल के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।
- 9 अगस्त 2023 को "मेरी माटी मेरा देश" मुहीम के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें 100 से अधिक देवदार के वृक्ष लगाए गए।
- 15 अगस्त 2023 को सलूणी में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने मार्च पास करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.):

वर्तमान में महाविद्यालय में पुरुष तथा महिलाओं की एक इकाई है जोकि प्रोग्राम ऑफिसर सहायक प्राध्यापक पिंकी देवी एवं पंकज कुमार की देखरेख में चलाई जा रही हैं। सत्र 2023-24 के लिए 50 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को दो भागों में बांटा जाता है नियमित गतिविधियां और विशेष गतिविधियां। वार्षिक आयोजन के लिए राजकीय महाविद्यालय परिसर सलूणी का चयन किया गया। सात दिवसीय दिन-रात के विशेष शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने प्रोग्राम अधिकारी की देखरेख में श्रमदान के साथ-साथ अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्य में भाग लिया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ स्वच्छता रैली का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया। इस शिविर में नितेश एवं रजनी उत्कृष्ट स्वयंसेवी रहे तथा इसके साथ ही आर्यन शर्मा व काजल को उत्कृष्ट कैंपर घोषित किया गया।

नियमित गतिविधियों के अंतर्गत समय-समय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें महाविद्यालय के खेल के मैदान में पड़े एक बड़े खड्डे को भरा गया तथा साथ में ही वहां पर क्यारियों का निर्माण किया गया। इसके अलावा स्वयंसेवियों ने 26 जुलाई 2023 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सम्मानित किया।
9 अगस्त 2023 को "मेरी माटी मेरा देश" मुहीम के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें 100 से अधिक देवदार के वृक्ष लगाए गए। साथ में समय-समय पर युवा एवं खेल मंत्रालय के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करके विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया गया जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान इत्यादि का आयोजन किया गया।

## रेंजर्स एवं रोवर्स (Rangers and Rovers):

महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापिका पिंकी देवी एवं सहायक प्राध्यापक गुरदेव के नेतृत्व में रेंजर्स एवं रोवर्स ईकाई भी कार्यरत है।

**ईको क्लब (Eco Club):**

सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा के निरीक्षण में महाविद्यालय के ईको क्लब के सदस्यों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन एवं समय-समय पर पौधारोपण करके समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य बखूबी किया है।

**आंतरिक गुणवता आश्वासन सैल एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (I.Q.A.C. and N.A.A.C.):**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) के दिशा-निर्देशानुसार सभी महाविद्यालयों में आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Internal Quality Assurance Cell-I.Q.A.C.) का गठन करना अनिवार्य है। I.Q.A.C. का कार्य महाविद्यालय के विभन्न शैक्षिक और प्रशासनिक क्रियाकलापों के लिए गुणवत्ता सम्बन्धी मापदंड तैयार करना और उन्हें लागू करना है। हमारे महाविद्यालय में भी इसी के अंतर्गत इसकी संरचना की गयी और वर्तमान में इसके कोऑर्डिनेटर श्री दिनेश कुमार है। इस वर्ष I.Q.A.C. की निम्नांकित प्रमुख गतिविधियाँ रही:

- 22 मार्च 2024 को G.F.S.R.D.-Global Centre for Inclusive Development के साथ मिलकर U.N. World Water Day -2024 के अवसर पर एक अंतराष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहिंदर कुमार सलारिया (Environmental Sociologist) ने 'Understanding the Role of Water for Peace in Mountains' विषय पर व्याख्यान दिया।
- I.Q.A.C., राजकीय महाविद्यालय सलूणी ने Centre for Comparative Religion and Civilization, Central University Jammu, G.D.C. Tissa, Department of Sociology, P.S.R. G.D.C. Baijnath, Kangra and G.D.C. Rohru, Shimla के साथ मिलकर "After Graduation What?" व्याख्यान शृंखला के तहत "Career In Indian Knowledge System" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में Dr. G.V. Snigdha मुख्य वक्ता रही।
- I.Q.A.C Coordinator श्री दिनेश कुमार एवं N.A.A.C. Coordinator डॉ. सौरभ मिश्रा ने राजकीय महाविद्यालय चम्बा में 19 दिसंबर 2023 को आयोजित एक दिवसीय "Sensitization Workshop on N.A.A.C. Accreditation Process for Cluster Colleges" में भाग लिया। इसके अतिरिक्त U.G.C. से 2f एवं 12b के लिए पंजीकरण एवं U.G.C. N.A.A.C. ग्रेडिंग के 7 मानकों के अनुरूप महाविद्यालय की कार्यप्रणाली को विकसित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे है। इसमें हमारा यह प्रयास रहेगा की N.A.A.C. ग्रेडिंग की पूरी प्रक्रिया पेपररहित रहे और इसी कारण सभी 7 मानकों के लिए अलग अलग e-mail अकाउंट बनाये गए हैं।

## मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ (Career and Guidance Cell):

छात्रों को स्नातक के बाद दी जाने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे U.G.C. नेट, C.U.E.T, P.G. Entrance, B.Ed. Entrance, H.A.S., U.P.S.C. आदि के प्रति प्रेरित करना और उनका इस ओर रुझान विकसित करने का कार्य यह प्रकोष्ठ सहायक प्राध्यापक गुरदेव के देखरेख में बखूबी कर रहा है। समय-समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा महाविद्यालय में आकर छात्रों का मार्गदर्शन किया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त हम इस वर्ष से महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को छात्र दिवस के रूप में मनाएंगे जिसमें हम विद्यार्थियों के लिए Add-on-Courses संचालित करेंगे और 'प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें' जैसे विषयों पर उनका मार्गदर्शन करेंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए जारी किये गए अकादमिक कैलेंडर का अनुपालन करते हुए 3 जून 2024 से 15 जून 2024 के मध्य महाविद्यालय ने 10+2 उत्तीर्ण छात्रों के लिए महाविद्यालय में प्री- एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन करने का निश्चय किया है।

## कौशल विकास केन्द्र ( Skill Development Centre):

इस सत्र में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कौशल विकास केन्द्र ( Skill Development Centre) महाविद्यालय को मिला है, जिसकी प्रतिस्थापना इस शैक्षणिक सत्र से कर दी जाएगी। यह केन्द्र सहायक प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह की देख रेख में कार्य करेगा। इस केन्द्र में 40 प्रतिशत महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र एवं 60 प्रतिशत महाविद्यालय के बाहर के शिक्षार्थी रहेंगे।

## रिसर्च एंड डेवलपमेंट समिति (Research and Development Cell):

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संगोष्ठी, परिसंवाद, संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम (F.D.P.), वर्कशॉप आदि में भाग ले रहे हैं और उनमें अपने शोधपत्रों को प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे प्रयासरत हैं कि अपने शोधपत्रों को SCOPUS, U.G.C. CARE लिस्टिड जर्नल आदि में अधिक-से-अधिक प्रकाशित करें। महाविद्यालय के छात्रों को भी प्रत्येक विषय से संबंधित सर्वे, फील्ड वर्क, रिपोर्ट लेखन आदि का कार्य दिया जाता है जिससे उनमें शोध अभिक्षमता का विकास हो।

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल (Himachal Pradesh University Youth Festival):

प्रत्येक वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध सभी राजकीय महाविद्यालयों के छात्रों के रचनात्मक कौशल अभिव्यक्ति के लिए युवा महोत्सव आयोजित होता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इसमें बढ़चढ़कर सभी चारों समूहों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा (Internal Evaluation Examinations):

हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में छात्रों के सत्त मूल्यांकन (CCA) के लिए आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाता

है। इसी शृंखला में राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक गुरदेव जो कि परीक्षा नियंत्रक की भूमिका निभा रहे हैं ने अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार के साथ मिलकर मिड-टर्म परीक्षाएं दिसंबर 2023 में करवाईं।

## विभागीय गतिविधियां:

**इतिहास विभाग (Department of History):** कला स्नातक में इतिहास विषय के 2 उप-विषय 'भारतीय कला- एक परिचय' और 'ऐतिहासिक पर्यटन' के पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग हैं जिसके अंतर्गत चम्बा, मंडी और काँगड़ा में स्थित मंदिरों की निर्माण शैली का अध्ययन किया जाये और किसी संग्रहालय का भ्रमण करके वहां संग्रहित पुरातात्विक अवशेषों और स्रोतों का अवलोकन किया जाये। इसी के अंतर्गत 5 मार्च 2024 को इतिहास के प्रवक्ता डॉ. सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में B.A. तृतीय वर्ष इतिहास के 61 विद्यार्थियों को चम्बा में एक शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। भ्रमण के अवसर पर विद्यार्थियों को पहले चम्बा के लक्ष्मी नारायण मंदिर ले जाया गया। इसके बाद उन्हें भूरी सिंह संग्रहालय ले जाया गया जहाँ उन्हें हिमाचल के पुरातत्व, इतिहास, चित्रकला, मूर्तिकला और चम्बा रुमाल के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।

**राजनीतिक विज्ञान (Department of Political Science):** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में 25 नवम्बर 2023 को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक उद्वाचन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सहयोग से भारतीय संविधान के विषय पर राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता गुरदेव सिंह के द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**हिंदी विभाग (Department of Hindi):** राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार -प्रसार को बढ़ावा देने के लिए हमारे महाविद्यालय का हिंदी विभाग हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस का आयोजन करता है। इसी शृंखला के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सलूणी के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर 2023 को हिंदी दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा उपस्थित रहे। इसमें प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। हिंदी विभाग ने 7 दिसंबर 2023 को जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में यशपाल जयंती समारोह का आयोजन करवाया जिसमें बच्चों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

**वाणिज्य विभाग (Department of Commerce):** 25 नवंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय चंबा में जीएसटी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन आबकारी एवं कराधान विभाग, हिमाचल प्रदेश के द्वारा उनके 55वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया । इसमें महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों - वाणिज्य विभाग के द्वितीय वर्ष के दीपराज एवं हिंदी विभाग के सुरेंद्र ने भाग लिया और तृतीय स्थान हासिल किया।

**<u>महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की 2023-24 शैक्षणिक सत्र की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:</u>**

- राजकीय महाविद्यालय सलूणी के इतिहास के प्रवक्ता डॉ. सौरभ मिश्रा व राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता गुरदेव सिंह ने 31 जुलाई 2023 से 5 अगस्त 2023 तक Govt. College of Teacher Education, धर्मशाला में आयोजित नव-नियुक्त सहायक आचार्यों के सात-दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रक्षिशण प्राप्त किया।
- हिंदी विभाग की सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी ने 7 अगस्त 2023 से 12 अगस्त 2023 तक Govt. College of Teacher Education, धर्मशाला में आयोजित सात-दिवसीय "Capacity Building In Service Teachers Training Programme" में भाग लिया।
- 5 दिसंबर 2023 को लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग के द्वारा महाविद्यालय के इतिहास के प्रवक्ता सौरभ मिश्रा को उनके शोध विषय **<u>'नेचर ऑफ़ ट्राइबल मूवमेंट्स इन छोटा नागपुर (1858-1947)'</u>** के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। इस वर्ष उनका शोध पत्र **<u>"The Precursors of Moderates: The Sardars of Chotanagpur"</u>** U.G.C. CARE लिस्टिड शोध पत्रिका 'आधुनिक साहित्य' के अक्टूबर-दिसंबर 2023 के अंक में प्रकाशित हुआ।
- जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग चम्बा द्वारा आयोजित **हिंदी दिवस** जो कि 13 सितम्बर, 2023 को आयोजित हुई जिसमें हिंदी विभाग की सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी ने निर्णायक मंडल के सदस्य की भूमिका निभाई।
- जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग चम्बा द्वारा राजकीय महाविद्यालय सलूणी में 7 दिसम्बर, 2023 को आयोजित "यशपाल जयंती" में हिंदी विभाग की सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी ने निर्णायक के सदस्य की भूमिका निभाई।
- 11 दिसंबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, जिला सोलन हि.प्र. में आयोजित हिमाचल प्रदेश समाजशास्त्रीय परिषद् की तीसरी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन में हिंदी विभाग की सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी ने भाग लिया, और "*<u>समकालीन हिंदी साहित्य में पर्यावरणीय चेतना</u>*" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- शहीद कप्तान विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस "Resilient Futures : Adapting To Climate Variability's In Agriculture , Economy And Environment" विषय के अंतर्गत '*<u>S.R. हरनोट के साहित्य में पर्यावरणीय संवेदना</u>*' विषय पर सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी ने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

होगा। महाविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट एवं फेसबुक, व्हाट्सएप्प आदि सोशल मीडिया मंचो के माध्यम से छात्रों को आवश्यक सूचनाएं प्रदान की जाती हैं।

- इस वर्ष सभी विषयों के Assignments भी विद्यार्थियों को E-mail के माध्यम से जमा करने का निर्णय लिया गया।
- दिनांक 21 मई 2024 को Student Aid Cell का शुभारम्भ किया गया जिसके द्वारा गरीब विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य सामाजिक भागीदारी द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि इस ग्रामीण सुदूर अंचल के हमारे किसी भी छात्र-छात्रा की स्नातक स्तरीय पढाई आर्थिक कारणों के कारण रुक जाए।

**<u>धन्यवाद ज्ञापनः</u>**

अंत में, मैं इस समारोह के मुख्य अतिथि महोदय का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ कि आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर, अपने ओजस्वी वक्तव्य से हमारे छात्रों को उपकृत किया। अतः पुनः महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका आभार सहित कोटिशः धन्यवाद।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य महानुभव, महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के प्रति भी अपनी विशेष कृतज्ञता प्रकट करता हूँ कि आप सभी के सामूहिक सहयोग से ही हमारे महाविद्यालय का यह "वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह" सफल हुआ है। इसलिए, आप सभी साधुवाद और धन्यवाद के पात्र है। मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी महाविद्यालय परिवार की कर्त्तव्य निष्ठा व सहयोग से हमारा महाविद्यालय उन्नति पथ पर निरंतर अग्रसर होता हुआ; शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर अपनी अमिट छाप छोड़ता रहेगा।

धन्यवाद।